SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

अप्रैल 2013

ठीक वायरिंग रखता है आपको सुरक्षित

फॉल्टी इंटरनल् वायरिंग गंभीर असुरक्षित खतरे को न्यौता देने के अलावा आपके बिजली खपत पर भी प्रभाव डालता है। निम्न सुझावों को अमल लाएं और जिंदगी को खुशहाल बनाएं।

- अपने इलेक्ट्रानिक मीटर ईएल एलइडी इंडीकेट्र को चेक करें, ईएल एलईडी एक या फिर निम्नवत् कारणों की वजह से इंडीकेट् करता है। I, अर्थिंग का इस्तेमाल बतौर न्युट्ल के रुप मे हो रहा है। II, न्युट्ल की वॉयर अर्थ वॉयर को छू रही है। III, फेज/ न्युट्ल वॉयर पड़ोसी के फेज/न्युट्ल वॅायर से मिक्स् कर रही है।
- सही तरीके से नहीं की गई वायरिंग इलेक्ट्रिक् सेफ्टी पर असर डालता है ये आग और भयानक दुर्घटनाएं की वजह भी बन सकती है।
- भारतीय विद्युत अधिनियम् 1956 के अनुसार सभी इलेक्ट्रिकल कार्य जिसमें एलटरकेशन् और एडजस्टमेंट् के कार्य शामिल है को क्वालीफॉइड और सर्टिफाईड इलेक्ट्रिकल कांट्रेक्टर के जरिए होना चाहिए।
- अर्थ लीकेज सर्किट बेकर लगवायें, यह सहज एंव उपयोगी डिवाइस आपके घरों या आसपास होने वाले लीकेज को डिटेक्ट कर बड़ी दुर्घटना को रोकथाम करता है। 5 किलोवाट या उससे ज्यादा के लोड वाले सभी उपभोक्ताओं के लिए लगाना अनिवार्य है।
- प्रत्येक स्वत्रंत मीटर धारक उपभोक्ता का लोड डिस्ट्रिब्युटिंग मेन से डायरेक्ट कनेक्ट होना चाहिए। अगर आपने अपने बिल्डिंग में एक से ज्यादा मीटर लगवा रखे है तो किसी क्वालीफाईड् इलेक्ट्रिशियन से यह चेक करवायें कि बिल्डिग की वायरिंग अलग है।

स्ट्रीट लाइटों के शत् प्रतिशत संचालन में भागीदार बनें!

बीआरपीएल अपने उपभोक्ताओं की तरह सडकों की रोशनी की महत्ता को भी अच्छी तरह से समझता है। सड़कों की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए बीआरपीएल ने स्ट्रीटलाइट हेल्पडेस्क तैयार किया है जो इसे जुड़ी किसी भी तरह की शिकायतों को त्वरित ढंग से निपटाने में मदद करेगा। बीआरपीएल क्षेत्र से जुड़ी स्ट्रीटलाइट संबधित शिकायतों को समय पर निपटाने के लिए 24x7 कार्य करने वाले दो नंबरों (एक दक्षिण और एक पश्चिम दिल्ली) को हेल्प डेस्क पर डेड्रीकेट् किया है।

दक्षिण 011–324–17–551
पश्चिम 011–324–18–978

ये दोनो डेडीकेट्ड नंबर बीआरपीएल की मौजूदा रुप में 24x7 कार्यरत् स्ट्रीटलाइट् शिकायत रजिस्ट्रेशन् हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 के अतिरिक्त है।

स्ट्रीटलाइटों को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए बीआरपीएल एक सर्विलेंस टीम को तैनात करने की प्रकिया मे जुटा हुआ है। इसके तहत जीपीएस युक्त वैन दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के सम्बद्व इलाके की स्ट्रीटलाइटो् को मॉनिटर करेगी।

स्ट्रीटलाइटों के बेहतर कार्य को सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले आरडब्लयुएज् और कम्युनिटी सेंटर के साथ मिलकर बीआरपीएल काम करेगी। अगर आपके संज्ञान में किसी स्ट्रीटलाइट के कार्य नही करने की जानकारी है तो कृपया हमें अवगत् करायें। इसका त्वरित समाधान कराया जाएगा।

कॉल् करें
हम सुन रहे हैं
डायल बीआरपीएल–39999707

आप कर पाएंगें अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन

हमारे लिए हमारे उपभोक्ता, यानी आप, सबसे पहले हैं। अपनी इसी भावना के साथ, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) एक बार फिर दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में रहने वाले अपने उपभोक्ताओं के लिए एक सुखद बदलाव लेकर आई है।

मार्च, 2013 से बीआरपीएल अपने घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक – सभी श्रेणियों के सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए, मासिक बिलिंग सेवा शुरू कर दी है जिन्हे अभी तक अब तक दो माह पर बिल मिलता था। बाकी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को पहले से ही मासिक बिल मिल रहा है।

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए मासिक बिलिंग शुरू करने का फैसला सिर्फ आपके यानी हमारे सम्मानित उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसके लिए हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही प्रैक्टिसेज को भी देखा। इसमें उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को काफी महत्व दिया गया है क्योंकि हर घर के लोग मासिक आधार पर ही अपना बजट बनाते हैं। इस पहल से आपको अपने मासिक बजट के हिसाब से अपनी बिजली खपत को नियंत्रित कर पाने में मदद मिलेगी।

द्वैमासिक बिल पर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सुविधाओं को मासिक बिल में भी जारी रखा जाएगा। जैसे – पहले की तरह अब भी आपको बिल भुगतान करने के लिए ड्यू डेट के पहले 15 दिनों का वक्त मिलेगा और, एलिजिबल (योग्य) उपभोक्ताओं को सब्सिडी व टैरिफ स्लैब संबंधी लाभ भी पहले की तरह ही मिलते रहेंगे।

मासिक बिलिंग के अन्य लाभः

- आप अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे।
- मोबाइल/ लैंडलाइन फोन, केडिट कार्ड, केबल/ डीटीएच, लोन रीपेमेंट/ ईएमआई आदि के बिलों के साथ ही बिजली बिल का भी भुगतान हो जाएगा। इसके लिए, आपको अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- बिल देखते ही आप अपनी मासिक बिजली खपत के बारे में जान जाएंगे, और उस हिसाब से ऊर्जा संरक्षण करना आपके लिए आसान होगा।

बीआरपीएल ने चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाली हेल्पलाइन 39999707 पर एक डेडीकेट्ड ऑप्सन् शुरू किया हैं। यह मासिक बिलिंग से संबंधित सभी उपभोक्ताओं के सवालों का जवाब देगी।

मासिक खर्चा

- ☑ लैडलाइन/मोबाईलबिल
- ☑ किराना
- ☑ क्रेडिट कार्ड बिल
- ☑ डीटीएच/केबल बिल
- •
- •
- •

और अभी
☑ बिजली बिल

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy